1. हिन्दुओं के सर्वाधिक प्राचीन धर्म ग्रन्थ कौन से हैं? **वेद**

2. वेदों की संख्या कितनी है तथा उनके नाम? **चार (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद)**

3. वेदों में सबसे बड़ा वेद कौन सा है? **ऋग्वेद**

4. किस वेद में चिकित्सा सम्बन्धी वर्णन है? **अथर्ववेद**

5. किस वेद में संगीत का वर्णन है? **सामवेद**

6. पुराणों की संख्या तथा उनके नाम?

**18 (ब्रह्म, पद्म, विष्णु, शिव,श्रीमद्‌भागवत्, मार्कंडेय, वामन, कूर्म, मत्स्य, अग्नि, नारद, लिंग, ब्रह्मवैवर्त, वाराह,स्कन्द, गरुड़, ब्रह्मांड,भविष्य)**

7. 18 पुराणों में प्रत्येक में श्लोकों की संख्या बताओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **विष्णु** | **- 23000** | **भागवत** | **- 18000** | **पद्म** | **- 55000** |
| **वराह** | **- 24000** | **मत्स्य** | **- 14000** | **कूर्म** | **- 17000** |
| **वामन** | **- 10000** | **गरुड़** | **- 19000** | **ब्रह्म** | **- 10000** |
| **ब्रह्मांड** | **- 12000** | **ब्रह्मावर्त** | **- 18000** | **शिव** | **- 24000** |
| **लिंग** | **- 11000** | **स्कन्द** | **- 81100** | **नारद** | **- 25000** |
| **अग्नि** | **- 15400** | **मार्कंडेय** | **- 9000** | **भविष्य** | **- 14500** |

8. वह कौन सा स्थान है जहाँ ब्रह्मा ने प्रथम यज्ञ किया था?

**ब्रह्मावर्त ( बिठूर ), कानपुर में**

9. श्रीमद्‌भागवत में स्कन्धों की संख्या बताइए? **12**

10. श्रीमद्‌भागवत में कुल कितने अध्याय है? **335**

11. श्रीमद्‌भागवत में मुख्य रुप से किन दो महापुरुषों के संवाद है?

**राजा परीक्षित तथा शुकदेव**

12. श्रीमद्भागवत के लेखक का नाम? **श्री वेद व्यास**

13. किस राजा ने अपने वचन की रक्षा के लिए डोम का कार्य करना स्वीकार किया?
**राजा हरिश्चन्द्र**

14. स्कन्द पुराण में गढ़वाल को क्या नाम दिया गया है? **केदारखण्ड**

15 गोपियों के पास श्रीकृष्ण का संदेश लेकर कौन गया था? **उद्धव**

16. पिता की आज्ञा मान कर स्वयं को यम को सौंपने वाले बालक का नाम बताओ?
**नचिकेता**

17. कबूतर की रक्षा करने के लिए अपने शरीर का मांस काटकर बाज को देने वाले राजा कौन थे? **राजा शिवि**

18. हिन्दुओं के चार प्रमुख मठ कहाँ पर स्थापित हैं?
**बद्रीनाथ, जगन्नाथपुरी, श्रंगेरी तथा द्वारका**

19. चारों मठों की स्थापना किसने की? **आदि गुरु शंकराचार्य ने**

20. आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म कहाँ हुआ था? **कालडि (केरल) में**

21. शंकराचार्य का स्वर्गवास किस आयु में हुआ? **32 वर्ष**

22. अद्वैतवाद के प्रवर्तक का नाम? **आदि गुरु शंकराचार्य**

23. द्वैतवाद के प्रवर्तक का नाम? **माधवाचार्य**

24. माधवाचार्य का जन्म कहाँ हुआ था? **उडूपी (कर्नाटक) में**

25. आदि शंकराचार्य का देहावसान कहाँ हुआ? **केदारनाथ**

26. बद्रीनाथ की मूर्तियों को सर्दी के मौसम में कहां स्थानान्तरित किया जाता है?
**जोशीमठ**

27. ज्योतिर्लिंगों की संख्या तथा नाम बताओ। 12

**1. सोमनाथ (गुजरात)** **2. मल्लिकार्जुन (आन्ध्र प्रदेश)**
**3. महाकालेश्वर (उज्जैन, म.प्र.)** **4. ओंकारेश्वर/ ममलेश्वर (म.प्र.)**
**5. वैद्यनाथ (झारखंड)** **6. भीम शंकर (महाराष्ट्र)**
**7. रामेश्वर (तमिलनाडु)** **8. नागेश्वर/ नागनाथ (गुजरात)**
**9. विश्वनाथ (वाराणसी, उ.प्र.)** **10. त्रयम्बकेश्वर (महाराष्ट्र)**
**11. केदारनाथ (गढ़वाल, उत्तराखण्ड)** **12. घुष्मेश्वर/ घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र)**

28. महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं पर आधारित कौन सा धर्म / सम्प्रदाय प्रचलित हुआ?
**बौद्ध धर्म**

29. महात्मा बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था? **लुम्बिनी**

30. महात्मा बुद्ध को ज्ञान किस स्थान पर प्राप्त हुआ? **बोध गया**

31. महात्मा बुद्ध ने कहाँ निर्वाण प्राप्त किया? **कुशीनगर**

32. त्रिपिटक किस धर्म से सम्बन्धित ग्रन्थ है? **बौद्ध**

33. महात्मा बुद्ध के सारनाथ में दिए प्रथम प्रवचन को क्या कहा जाता है? **धर्मचक्र प्रवर्तन**

34. महात्मा बुद्ध की माता का नाम क्या था? **महामाया**

35. महात्मा बुद्ध की मौसी का नाम बताओ जिन्होंने उनका पालन–पोषण किया? **प्रजापति गौतमी**

36. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था? **सारनाथ**

37. महात्मा बुद्ध ने किस व्यक्ति को डाकू से संत बनाया? **अंगुलिमाल**

38. जैन धर्म के प्रवर्तक कौन थे? **ऋषभदेव ( प्रथम तीर्थंकर )**

39. जैन धर्म में कितने तीर्थंकर माने गये हैं? **चौबीस**

40. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर का नाम? **महावीर स्वामी**

41. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था? **कुण्ड ग्राम/क्षत्रिय कुंड, बिहार**

42. महावीर स्वामी को ज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ था? **अशोक**

43. महावीर स्वामी को किस नदी के तट पर ज्ञान प्राप्त हुआ था? **ऋजुपालिका**

44. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के पिता का नाम बताइए? **सिद्धार्थ**

45. भगवान महावीर ने किस स्थान पर निर्वाण प्राप्त किया? **पावापुरी (बिहार)**

46. जैन साहित्य किस नाम से जाना जाता है? **जैन आगम**

47. जैन धर्म की दो मुख्य धाराएं कौन सी हैं? **दिगम्बर और श्वेताम्बर**

48. गुरु नानक का जन्म कहां हुआ था? **ननकाना साहेब**

49. सिख गुरुओं की वाणी किस ग्रन्थ में मिलती है? **गुरु ग्रंथ साहब**

50. रीठा साहब गुरुद्वारा किस सिख गुरु की याद में बना है? **गुरुनानक**

51. गुरु गोविन्द सिंह का जन्म स्थान कहाँ है? **पटना साहिब**

52. गुरु गोविन्द सिंह की याद में अंगीठा साहिब (समाधि) कहाँ पर स्थित है? **नान्देड (महाराष्ट्र)**

53. सिक्खों के प्रथम गुरु कौन थे? **गुरु नानक देव**

54. सिक्खों के गुरुओं की संख्या? **ग्यारह (गुरू ग्रन्थ साहिब सहित)**

55. शीशगंज गुरुद्वारा किस महापुरुष के बलिदान की याद दिलाता है?

**गुरु तेगबहादुर (नवें गुरु)**

56. किस सिक्ख गुरु ने धर्म हित में अपने चार पुत्रों का बलिदान दिया?

**गुरु गोविंद सिंह**

57. खालसा पंथ की स्थापना किसने की? **गुरु गोविंद सिंह**

58. खालसा शब्द का क्या अर्थ है? **शुद्ध**

59. आनन्दकारज के नाम से कौन से धर्म में विवाह होता है? **सिक्ख**

60. गुरु नानक ने किसे अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था? **गुरु अंगद देव**

61. किस सिख गुरु ने लंगर पद्धति आरम्भ की? **गुरु अंगददेव**

62. किस सिख गुरु ने सिखों को सैन्य प्रशिक्षण देना आरम्भ किया?

**गुरु हरगोविन्द**

63. अकाल तख़्त का निर्माण किसने कराया? **गुरु हरगोविन्द**

64. जिस स्थान पर गुरु हरकिशन की ज्योति जोत समाई (देह त्याग की), वहाँ बने गुरुद्वारे का नाम बताओ। **दिल्ली में गुरुद्वारा बंगला साहिब**

65. बचपन में ही ज्योति जोत समाने (स्वर्गवासी होने) वाले सिख गुरु का नाम बताओ। **गुरु हरकिशन**

66. उस गुरुद्वारे का नाम बताओ जहाँ गुरु तेगबहादुर के धड़ का अन्तिम संस्कार किया गया था? **गुरुद्वारा रकाबगंज**

67. जब गुरु गोविन्द सिंह ने गुरु पद पाया, उनकी आयु क्या थी? **9 वर्ष**

68. गुरु गोविन्द सिंह की निर्वाण स्थली पर बने गुरुद्वारे का नाम बताओ।

**गुरुद्वारा हजूर साहिब, सच खण्ड, नान्देड़**

69. गुरुद्वारा हजूर साहिब किस नदी के किनारे बना है? **गोदावरी**

70. गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों के हत्यारे सूबेदार वजीरख़ान को मारकर किसने दण्डित किया था? **बन्दा बैरागी**

71. गुरु ग्रन्थ साहिब को सिख गुरु की पदवी किसने दी ?

**गुरु गोविन्द सिंह**

72. गुरु तेगबहादुर के शीश को चांदनी चौक से कौन तथा कहाँ ले गया?

**भाई जैता जी, आनन्दपुर साहिब**

73. गुरु तेगबहादुर के शीश विहीन धड़ को कौन तथा कहाँ ले गया?

**भाई लक्खी शाह बंजारा, रकाबगंज दिल्ली**

74. गुरु ग्रन्थ साहिब का सर्वप्रथम संकलन किसने किया? **गुरु अर्जुनदेव**

75. गुरु ग्रन्थ साहिब की मूल प्रति का लेखन किसने किया? **भाई गुरदास**

76. गुरु ग्रन्थ साहिब की मूल प्रति का क्या नाम है? **करतारपुरी**

77. गुरु ग्रन्थ साहिब को पूर्णता किसने प्रदान की? **गुरु गोविन्द सिंह**

78. सिक्खों के पांचवें गुरु का नाम? **अर्जुन देव**

79. गुरु अर्जुनदेव ने गुरु ग्रन्थ साहिब में कितने गुरुओं की वाणी संकलित की थी?

**चार–गुरुनानक, गुरु अंगददेव, गुरु अमरदास तथा गुरु रामदास**

80. गुरु ग्रन्थ साहिब को सर्वप्रथम स्वर्ण मन्दिर (हरमन्दिर साहब) में कब प्रकाश किया गया? **1 सितम्बर 1604 को**

81. गुरु ग्रन्थ साहिब में शब्दाश्लोक छंदों की कुल संख्या कितनी है? **5872**

82. चैतन्य महाप्रभु किस प्रदेश के सन्त थे? **बंगाल**

83. चैतन्य महाप्रभु किस सम्प्रदाय के संस्थापक थे? **गौड़ीय वैष्णव सम्प्रदाय**

84. सन्त तुकाराम और एकनाथ किस प्रदेश से सम्बन्धित थे? **महाराष्ट्र**

85. गंगा नदी का उद्गम स्थान कौन–सा है? **गौमुख**

86. भारत में सबसे बड़ा ऐतिहासिक काल का शिवलिंग कहां पर स्थित है?

**भोजपुर (म.प्र.)**

87. गीता में किस स्थान को धर्मक्षेत्र कहा गया है? **कुरुक्षेत्र**

88. गुरु द्रोणाचार्य का मंदिर कहां पर स्थित है? **गुड़गांव (हरियाणा)**

89. उस सर्प का नाम बताओ, जिसे समुद्र मंथन के लिए प्रयोग किया गया था?

**वासुकि**

90. सत्यवादी हरिश्चन्द्र के पुत्र का नाम बताइए? **रोहिताश**

91. तमिलनाडु के किस स्थान को दक्षिण का काशी कहा जाता है? **कांचीपुरम**

92. संत तुकाराम किस देव के उपासक थे? **भगवान विट्ठल**

93. भगवद् गीता पर आधारित ग्रंथ ज्ञानेश्वरी के रचियता कौन हैं? **संत ज्ञानेश्वर**

94. गंगा सागर में किसका मंदिर है? **कपिल मुनि**

95 कन्याकुमारी में किस देवी का मंदिर है? **पार्वती/भगवती अम्मन/कुमारी अम्मन**

96. हिन्दू मान्यता के अनुसार किस त्यौहार पर पीले वस्त्र पहनने की परम्परा है? **बसंत पंचमी**

97. नरसी मेहता का जन्म कहाँ हुआ था? **जूनागढ़ (गुजरात)**

98. रामानुजाचार्य को तत्त्वज्ञान किस नगर में प्राप्त हुआ? **कांची**

99. कुम्भ मेला कहाँ-कहाँ लगता है? **हरिद्वार, नासिक, प्रयाग, उज्जैन**

100. 'अभंग' नामक वाणी के रचयिता कौन थे? **संत तुकाराम**

101. संत कबीर ने कहाँ प्राण त्यागे? **मगहर**

102. उस तक्षक नाग का नाम बताओ जिसने अपनी माता के वध का बदला लेने के लिए अर्जुन से युद्ध किया। **अश्वसेन**

103. सूर्य की पुत्री किस नदी को माना जाता है? **यमुना नदी**

104. ब्रह्मा, विष्णु, महेश की त्रिमूर्ति ने किस महिला के पतिव्रत धर्म की परीक्षा ली थी? **अनुसूइया**

105. दक्ष प्रजापति की पुत्री व भगवान शंकर की पत्नी का नाम बताएं? **सती (उमा)**

106. भगवान कृष्ण व रुक्मणि के पुत्र का नाम बताओ? **प्रद्युम्न**

107. परशुराम के दादा जी का नाम बताइए? **ऋचिक**

108. **99** गलतियां माफ करने के बाद श्रीकृष्ण ने किस का वध किया? **शिशुपाल**

109. स्वामी विवेकानन्द के साथ धर्म प्रचार करने वाली विदेशी शिष्या का नाम? **सिस्टर निवेदिता**

110. 'ओम जय जगदीश हरे' आरती के रचयिता कौन थे? **श्री शिवानन्द स्वामी**

111. "ओम जय जगदीश हरे...", इस आरती को संग्रहित करके सर्वप्रथम किसने सत्य धर्म मुक्तावली में प्रकाशित किया था? **पं. श्रृद्धानन्द फिल्लौरी**

* * *